नर्मदा घाटों पर उचित व्यवस्था बनाने की जरूरत

# मकर संक्रांति पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की रहेगी भीड़

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** मकर संक्रांति पर स्नान पुण्य दान का विशेष महत्व हुआ करता है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में नर्मदा घाटों पर पहुंच कर स्नान पूजन अर्चन किया करते हैं। लेकिन तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बहुत से घाटों पर उचित व्यवस्था ना होने के कारण श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी हुआ करती है। चूंकि नर्मदा के प्रत्येक घाट पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए समुचित व्यवस्थायें बनाये जाने की महती आवश्यकता है। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ककरा घाट बिल्थारी करोंदी बारह छत्तरपुर सिमरिया घाटों पर विशेष ध्यान दिये जाने की जरूरत है।हर साल इन व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन के अधिकारियों का ध्यान तो आकृष्ट कराया जाता है लेकिन स्थानीय ग्राम पंचायतों को जवाबदारी सौंपकर अधिकारी अपनी जबाब दारियों से पल्ला झाड़ लेते हैं। और श्रद्धालु अव्यवस्थाओं के बीच परेशान होते हुए देखे सुने जाते हैं।



### ककरा घाट पर पड़ता है भारी दबाव

तेंदूखेड़ा से गाडरवारा जाने वाले सड़क मार्ग पर पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट ककरा घाट जहां गाडरवारा तेंदूखेड़ा और रायसेन सागर जिले के श्रद्धालु बड़ी संख्या में अनुकूलता के हिसाब से पहुंचा करते हैं लेकिन ना तो इस घाट तक पहुंचने सुगम रास्ता है और ना ही प्रकाश की कोई उचित व्यवस्था है। यहां तक कि महिला पुरुषों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है। घाटों पर बड़ी बड़ी दुकानें लग जाने से श्रद्धालुओं को आवागमन में असुविधा हुआ करती है। यहां पर बाहनों का भारी दबाव होने की स्थिति में मुख्य सड़क मार्ग से लेकर नीचे तक जाम लगने की समस्या बनती है घंटों मशक्कत के बाद सड़क मार्ग सुचारू हो पाते हैं।

### भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगे

सबसे बड़ी समस्या इस सड़क मार्ग पर एन टी पी सी प्लांट से आ रही राख को लेकर भारी संख्या में कंटेनरों की आवाजाही इस मार्ग पर अबाध गति से चला करते हैं।आये दिन सड़क दुर्घटना में अनेकों लोग काल के गाल में समा भी चुके हैं। कुछ दिनों तक रफ्तार में लगाम लगने के बाद अब पुन: वही स्थिति बनीं हुई है लेकिन मकर संक्रांति के अवसर श्रद्धालु बड़ी संख्या में अपने अपने बाहनों से आवागमन करते हैं।भरने वाले मेलों का आनंद लाभ उठाते हैं।सुरक्षा की दृष्टि से दो दिन तक इन कंटेनरों की आवाजाही पर रोक लगाये जाने की जरूरत है।

### घाटों पर जगह-जगह लगते हैं मेले

कलयुग में मोक्षदायिनी मां नर्मदा का पावन तटों पर दो दिन पूर्व से एक सप्ताह तक श्रद्धालु नर्मदा तटों पर लगने वाले मेले में अपनी अपनी दुकानें लगाया करते हैं। बाहर से आने वाले क्षेत्रों के ग्रामीण जन स्नान पूजन कर यहां रहकर भोजन प्रसाद भर्त बाटी बनाया करतें हैं और मेले में जरुरी रोजमर्रा की सामग्री को भी खरीदा करतें हैं।लेकिन घाटों पर गंदगी का आलन और उचित व्यवस्था ना होने के कारण उनका आस्था पर आघात पहुंचता है।

### सूरजकुंड घाट में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**नरसिंहपुर।** सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह के निर्देशन में जनअभियान परिषद एवं श्रीगीता निकुंज आध्यात्मिक संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में जिले के चांवरपाठा के नर्मदा नदी स्थित सूरजकुंड में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उल्लेखनीय है कि मकर संक्रांति के अवसर पर बरमान में मेला का आयोजन किया जाता है। मेले में लाखों श्रद्धालुओं आते हैं। इसके अलावा अमावस्या, पूर्णिमा, नर्मदा जयंती तथा विशेष पर्वों में भी श्रद्धालु बरमान आते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए जनअभियान परिषद के नेतृत्व में परिषद की नवांकुर संस्थाओं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधियों, सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों व परामर्शदाताओं सहित श्रीगीता निकुंज आध्यात्मिक संस्थान नरसिंहपुर के प्रतिनिधियों की सहभागिता से स्वच्छता अभियान चलाया गया।

---

मुसीबत | संकरी सड़क और अवैध पार्किंग ने छीनी रफ्तार

# शक्कर नदी पुल से बायपास तिगड्डा तक जाम

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ गाडरवारा।** नगर की लाइफलाइन कहे जाने वाले शक्कर नदी के पुल से लेकर बायपास तिगड्डा तक का मार्ग इन दिनों आम जनता के लिए जी का जंजाल बन गया है। संकरी सड़क और मार्ग के दोनों ओर बेतरतीब ढंग से खड़े भारी वाहनों के कारण यहाँ दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। घंटों तक लगने वाले इस जाम से न केवल राहगीर परेशान हैं, बल्कि एम्बुलेंस और स्कूली बसें भी इसमें फंसी नजर आती हैं।

### बेतरतीब खड़े भारी वाहन मुख्य कारण

स्थानीय निवासियों का कहना है कि बायपास रोड की चौड़ाई पहले से ही कम है, ऊपर से सड़क के किनारों पर बड़े-बड़े ट्रक और डंपर खड़े कर दिए जाते हैं। कई बार ये वाहन घंटों तक सड़क घेरे रहते हैं, जिससे दो पहिया और चार पहिया वाहनों को निकलने के लिए जगह नहीं बचती। सड़क किनारे होने वाले इस अवैध अतिक्रमण ने यातायात व्यवस्था को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है।




### आए दिन होती हैं दुर्घटनाएं

जाम और संकरी सड़क की वजह से इस मार्ग पर दुर्घटनाओं का ग्राफ भी बढ़ता जा रहा है। भारी वाहनों के बीच से निकलने की कोशिश में बाइक सवार अक्सर गिरकर चोटिल हो जाते हैं। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन को कई बार अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं।

- **इन समस्याओं से जूझ रही जनता:** इमर्जेंसी सेवाएं प्रभावित- जाम के कारण अस्पताल जाने वाले मरीजों और एम्बुलेंस को रास्ता नहीं मिल पाता।
- **समय की बर्बादी:** ड्यूटी पर जाने वाले कर्मचारी और स्कूल जाने वाले बच्चे हर दिन आधे से एक घंटा इस जाम में बर्बाद कर रहे हैं।
- **प्रदूषण और शोर:** घंटों खड़े रहने वाले वाहनों के धुएं और हॉर्न के शोर से आसपास रहने वाले लोग परेशान हैं।

### क्या कहते हैं नागरिक

शक्कर नदी पुल से तिगड्डा तक निकलना अब किसी जंग जीतने जैसा है। प्रशासन को यहाँ पार्किंग पर सख्ती से रोक लगानी चाहिए और व्यस्त समय में ट्रैफिक पुलिस तैनात करनी चाहिए।

- **प्रशासन से मांग:** नगरवासियों ने मांग की है कि सड़क के किनारों से अवैध पार्किंग हटाई जाए।
- भारी वाहनों के लिए अलग से पार्किंग स्टैंड की व्यवस्था हो। मार्ग का जल्द से जल्द चौड़ीकरण किया जाए ताकि भविष्य में यातायात सुगम हो सके।

---



### ऑलराउंडर यशोधन का एमपी क्रिकेट टीम में चयन

**नवभारत/ गोटेगांव।** के समीपवर्ती ग्राम कंजई निवासी गिरीश नारायण दुबे के पुत्र यशोधन दुबे ने क्रिकेट के मैदान में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यशोधन का चयन मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की राज सिंह डोंगरपुर सेंट्रल जोन अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यशोधन ने सत्र 2024-25 के दौरान शानदार प्रदर्शन करते हुए कनमाडीकर ट्रॉफी में जबलपुर संभाग की ओर से सर्वाधिक 26 विकेट झटके थे और बल्लेबाजी में एक शानदार शतक लगाकर बेस्ट प्लेयर का खिताब अपने नाम किया था। बता दें कि यशोधन टीम में बतौर ओपनर बल्लेबाज और लेग स्पिनर की भूमिका निभाते हैं। उन्हें पूर्व रणजी खिलाड़ी संतोष वर्मा, सचिन धौलपुरे और पंकज नेमा से क्रिकेट का प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है। यशोधन की इस विशेष उपलब्धि पर खेल प्रेमियों सहित पंडित नर्मदा प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल शाला परिवार ने शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# भीषण शीतलहर के बीच कई जगह की गई अलाव की व्यवस्था

**नवभारत/ साईखेड़ा।** प्रदेश के साथ-साथ समूचे नरसिंहपुर जिले में इन दिनों कड़ाके की ठंड और शीतलहर का कहर जारी है। गिरते तापमान और ठिठुरन ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। इस विकट स्थिति को देखते हुए साईखेड़ा नगर परिषद ने आमजन को राहत पहुंचाने के लिए कमर कस ली है। नगर परिषद अध्यक्ष स्वाति सचिन अग्रवाल की संवेदनशीलता और मुख्य नगर पालिका अधिकारी जे.पी. रजक की त्वरित कार्यप्रणाली से नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की गई है।

### अध्यक्ष के निर्देश पर तत्काल हुई कार्यवाही

नगर में ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए परिषद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सचिन अग्रवाल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया था कि नगर के मुख्य चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर तत्काल अलाव जलाने का इंतजाम ताकि रात्रि में बाहर निकलने वाले राहगीरों और जरूरतमंदों को ठंड से बचाया जा सके। अध्यक्ष के निर्देशों को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ जे.पी. रजक ने तत्काल मैदानी अमले को सक्रिय किया और नगर के प्रमुख स्थानों पर अलाव जलवाए।



### इन स्थानों पर मिली राहत

नगर परिषद द्वारा विशेष रूप से उन स्थानों पर अलाव जलाए गए हैं, जहां लोगों की आवाजाही अधिक रहती है। इनमें मुख्य रूप से शामिल हैं नगर के प्रमुख चौराहे और व्यस्त बाजार रामपुरा तिगड्डा नगर परिषद कार्यालय के सामने। अस्पताल परिसर के समीप ब्लॉक कार्यालय के सामने मरीजों के परिजनों की सुविधा हेतु

### नागरिकों ने जताई प्रसन्नता

नगर परिषद की इस त्वरित पहल की स्थानीय नागरिकों और राहगीरों ने जमकर प्रशंसा की है। लोगों का कहना है कि भीषण ठंड और कोहरे के कारण घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है, ऐसे में चौराहों पर जल रहे अलाव लोगों को काफी राहत दे रहे हैं।

### प्रशासन की अपील

नगर पालिका प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे ठंड के इस मौसम में सावधानी बरतें और यथासंभव गर्म कपड़ों का उपयोग करें। परिषद द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि आने वाले दिनों में जब तक ठंड का प्रकोप बना रहेगा, अलाव जलाने की यह व्यवस्था निरंतर जारी रहेगी।

---

## एक नजर में

### मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई जनसुनवाई

**नवभारत/नरसिंहपुर।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में खापा शेड़ निवासी अजय कुमार गौंड़ चलने में असमर्थ होने के कारण और करेली तहसील के ग्राम नयाखेड़ा- बासादेही की दिव्यांग दुर्गा बाई ने अपनी- अपनी समस्याएं लेकर पहुंची थी। कलेक्टर रजनी सिंह ने समस्याओं का त्वरित निराकरण करते हुए मौके पर ही खापा शेड़ निवासी अजय कुमार गौंड़ को व्हीलचेयर और करेली तहसील के ग्राम नयाखेड़ा- बासादेही की दुर्गा बाई को एल्बों क्रंच छड़ी प्रदान की। उक्त सहायक उपकरण जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं।

### स्थानीय अवकाश घोषित

**नवभारत/नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह ने वर्ष- 2026 के लिए जिले में परम्परागत त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए पूरे जिले के लिए 3 स्थानीय अवकाश घोषित करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश मप्र शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार मकर संक्रांति बुधवार 14 जनवरी 2026 को, दुर्गा नवमी सोमवार 19 अक्टूबर 2026 और भाईदूज मंगलवार 10 नवंबर 2026 को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उपरोक्त स्थानीय अवकाश कोषागार एवं उपकोषागार तथा बैंकों पर लागू नहीं होंगे।

### समर्थन मूल्य पर जिले के बाहर से धान के विक्रय की रोकथाम के लिए वाहनों की जांच

**नवभारत/नरसिंहपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025- 26 अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार जिले में समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय किया जा रहा है। कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक में धान उपार्जन की समीक्षा में यह तथ्य परिलक्षित हुए है कि विगत वर्ष उपार्जित धान मात्रा का इस वर्ष अभी तक लगभग 90 प्रतिशत मात्रा के बराबर उपार्जन हो चुका है, जबकि उपार्जन समाप्त होने के 15 दिन शेष है। जिले में जिले के बाहर से धान लाई जाकर समर्थन मूल्य पर धान के विक्रय की रोकथाम के लिए राजस्व, सहकारिता व कृषि विभाग और कृषि उपज मंडी के मैदानी अमले के साथ जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में धान के वाहनों की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने समस्त कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले के बाहर की धान का जिले में समर्थन मूल्य पर विक्रय की रोकथाम को दृष्टिगत रखते हुए अपने प्रभार क्षेत्र अंतर्गत संबंधित अनुविभागीय राजस्व अधिकारी से समन्वय स्थापित कर राजस्व, सहकारिता, कृषि विभाग व कृषि मंडी विभाग के मैदानी अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में धान के वाहनों की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करें।

### झौंतेश्वर एवं भामा पुल के पास बनाए गए बोरी बंधान

**नवभारत/नरसिंहपुर।** जल संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से विकासखंड गोटेगांव के ग्राम झौंतेश्वर एवं भामा पुल के पास वनझरया नदी व हंस कुंड झरना में 91 और 25 बोरियो का बंधान बनाया गया। यह बोरी बंधान मां नर्मदा युवा सेवा समिति नवांकुर संस्था गोटेगांव-झांसीघाट द्वारा किया गया। जिला समन्वयक मप्र जन अभियान परिषद श्री जयनारायण शर्मा ने बताया कि बोरी बंधान के माध्यम से भू- जल स्तर में वृद्धि होगी। साथ ही आसपास के नागरिकों को जल की पूर्ति होगी। बोरी बंधान के कार्य में विकासखंड समन्वयक गोटेगांव श्री प्रतीक दुबे, नवांकुर संस्था मां नर्मदा युवा सेवा समिति से संस्था समन्वयक व सदस्यगण, परामर्शदाता सहित अन्य ग्रामीणजनों ने अपनी सहभागिता दी।

# बुढ़ैना पंचायत में लापरवाही की भेंट चढ़ा शांतिधाम



**नवभारत/ गोटेगांव।** जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत बुढ़ैना द्वारा बम्हनी गांव में नेगुवा रोड पर शांतिधाम का निर्माण कराया गया था, ताकि ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के समय सुविधा मिल सके। लेकिन वर्तमान में यह शांतिधाम अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। निर्माण कार्य में बरती गई लापरवाही के कारण शांतिधाम के टीन शेड का आधा हिस्सा उड़कर अलग हो चुका है, जिससे बारिश और धूप में ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।अव्यवस्थाओं का आलम यह है कि शांतिधाम तक पहुंचने के लिए पंचायत द्वारा अब तक पक्की सड़क का निर्माण भी नहीं कराया गया है। अंतिम संस्कार के लिए जाने वाले परिजनों को उबड़-खाबड़ और पथरीले रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत प्रशासन से मांग की है कि शांतिधाम के उड़े हुए छप्पर को जल्द ठीक कराया जाए और वहां तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क का निर्माण कराकर अन्य अव्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाए।



# महीनों से क्षतिग्रस्त पुलिया दे रही हादसों को न्योता

**नवभारत/ गोटेगांव।** नगरीय क्षेत्र के अंतर्गत श्रीदेव ठाकुर बाबा मंदिर से पथरिया कुआं सड़क पर स्थित एक महत्वपूर्ण पुलिया विगत कई महीनों से क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ी हुई है। हैरानी की बात यह है कि जहां एक ओर नगर के अनेक वार्डों में नई नाली और सड़कों का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है, वहीं इस अत्यंत उपयोगी पुलिया के सुधार की दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। यह पुलिया नेहरू वार्ड और गौरादेवी वार्ड को जोड़ने वाले मुख्य सड़क मार्ग पर पड़ती है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आवागमन होता है। क्षेत्रीय रहवासियों ने रोष व्यक्त करते हुए बताया कि इस मार्ग से आम नागरिकों के साथ-साथ हाथ ठेला चलाने वाले छोटे व्यापारियों का निकलना सबसे ज्यादा रहता है। पुलिया के टूटे होने के कारण यहां आए दिन दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर पालिका प्रशासन अन्य वार्डों में निर्माण कार्य करा रहा है, लेकिन इस गंभीर समस्या की लगातार अनदेखी की जा रही है। वार्ड वासियों ने संबंधित विभाग और नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस पुलिया का निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए।

---

नगर के जगदीश वार्ड में श्रीमद् भागवत कथा से माहौल हुआ धर्ममय

# श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से मिलता हैं पुण्य लाभ : जयंती किशोरी

**नवभारत/ गाडरवारा।** स्थानीय जगदीश वार्ड मे भागवत सेवा समिति द्वारा 3 जनवरी से जारी संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के आयोजन से माहौल धर्ममय बना हुआ हैं। कलश यात्रा से प्रारंभ हुए इस आयोजन मे प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन होता हैं। कथा मे कथावाचिका सुश्री जयंती किशोरी शर्मा द्वारा प्रतिदिन संगीतमय श्रीमद भागवत कथा में प्रवचन दिये जा रहे है। कथा के चौथे दिन मंगलवार को उन्होंने गजेंद्र मोक्ष एवं भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव की कथा सुनाई। उन्होंने भगवान कृष्ण जन्म के बारे में कहा कि ड़ब ड़ब पृथ्वी पर पाप बड़ते है, अधर्म का बोलबाला होता है, तब तब धर्म की रक्षा के लिए भगवान जन्म लेते है। उन्होंने कहा कि कंस प्रत्येक बार देवकी की संतानो का वध कर देता था लेकिन विपरीत परिस्थितियों में भगवान कृष्ण के जन्म हुआ। उन्होंने कहा कि जीवन में बुरे दिनों के बाद अच्छे दिन भी आते है इसीलिये कभी भी बुरे दिनों से निराश नहीं होना चाहिये। उन्होंने कहा कि भागवत कथा को पूर्ण ध्यान से सुनना चाहिए। जो भी व्यक्ति कथा का श्रवण करता हैं उसे पुण्य लाभ मिलता हैं। भागवत कथा से मन को शांति मिलती हैं एवं अच्छे संस्कार सीखने मिलते हैं। श्रीमद भागवत कथा जीवन मे सदमार्ग पर चलने की सीख देती हैं। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव में श्रद्धालु भगवान की भक्ति में झूम उठे। इस धार्मिक आयोजन मे बड़ी संख्या मे धर्म प्रेमी श्रद्धालू शामिल होकर धर्म लाभ ले रहे हैं



### स्वामी निर्विकल्प स्वरूप का आगमन 11 को

**साईखेड़ा।** धर्म और आध्यात्म की नगरी साईखेड़ा के लिए आगामी 11 जनवरी का दिन ऐतिहासिक होने जा रहा है। नगर के इतिहास में प्रथम बार गीतामनीषी ब्रह्मचारी स्वामी श्री निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज का मंगल आगमन होने जा रहा है। स्वामी जी के प्रथम नगर आगमन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है और भव्य स्वागत की तैयारियाँ जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वामी जी के सानिध्य में एक विशेष दिव्य सत्संग का आयोजन 11 जनवरी 2026, दिन रविवार को किया गया है। यह कार्यक्रम नगर के जैन मंदिर के पास स्थित भार्गव निवास पर संपन्न होगा। सत्संग का समय दोपहर 3:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक निर्धारित किया गया है।



नरसिंहपुर में कांग्रेस का धरना दूसरे दिन भी जारी

# जिला पंचायत सीईओ पर कार्रवाई की मांग पर अड़े कांग्रेसी

**नरसिंहपुर।** जिले के बरमान रेतघाट पर 27 दिसंबर 2025 को एक युवक के साथ हुई मारपीट के मामले में कांग्रेस का आंदोलन अब और तेज हो गया है। जिला पंचायत सीईओ पर कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेस का धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा।